collaboration with General Electric Company of USA to inclue manufacture of higher size Gas Turbines and to have **a** collaboration for Haulage Dumper Electricals The terms and conditions will be finalised at the time of signing of **the** agreement.

हल्दिया से बजबज तक पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का निर्माण

*198. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :
श्री राम जेठमलानी :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हल्दिया से बजबज तक 55 किलोमीटर लम्बी पेट्रोलियम उत्पाद पाइप लाइन का निर्माण करने का निर्णय किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या दो प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने इस परियोजना का निर्माण करने की पेशकश की थी ;

(ग) उन प्रतिष्ठानों के नाम क्या हैं, और इन औद्योगिक फर्मों द्वारा पहली बार इन परियोजनाओं के निर्माण के लिये पेशकश कब की गयी थी ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इनमें से किसी भी औद्योगिक प्रतिष्ठान को इन परियोजनाओं के निर्माण के लिये मार्च, 1989 तक मंजूरी नहीं दी गई थी ; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और निर्णय लेने में विलम्ब के कारण परियोजना के निर्माण की लागत में कितनी वृद्धि हो जाने की सम्भावना है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ङ) हालांकि हल्दिया से बजबज तक उत्पाद पाइपलाइन के निर्माण करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। फिर भी यह आठवीं योजना में कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित परियोजना में से एक है और इंडियन आयल कारपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन ने इस पाइपलाइन के निर्माण के लिए पेशकश की है ।

चूंकि यह परियोजना अभी स्वीकृत नहीं हुई है इसलिए इस स्थिति में लागत में वृद्धि होने का प्रश्न नहीं उठता ।

*199. [Transferred to the 4th May, 1989]

Replacement of D.G.T.D. by DI R D

*200. SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH;
SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL :

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state;

(a) whether Government propose to replace the Directorate General of Technical Development **(DGTD)** by **a** Directorate for Industrial Research and Development as recommended by the Science Advisory Committee to the Prime Minister recently; and

(b) if so, what are the reasons **therefor?** ;

THE MINISTER **OF INDUSTRY** (SHRI **J.** VENGAL **RAO):** (a) and **(b)** Government have not taken any **such** decision in this regard.

निर्यात विकास निधि की स्थापना के लिये सीमेंट उद्योग पर अतिरिक्त उत्पादन शुल्क लगाया जाना

@1400. श्री संतोष बागड़ोदिया :
क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को सीमेंट उद्योग से निर्यात विकास निधि की स्थापना के लिए

@Previously Unstarred Question 417 transferred from the 27th April, 1989.